# विज्ञान समिति, उदयपुर
# मासिक रिपोर्ट

Estb : 1959
Reg. No. 94 / 68-69

नियमित मासिक प्रकाशन का सोलहवां वर्ष



Phone :
0294-2413117, 2411650
E-mail Id :
samitivigyan@gmail.com
Website :
www.vigyansamitiudaipur.org



अंक :187 | स्वैच्छिक सेवा का 59 वां वर्ष | अक्टूबर 2017


## विज्ञान लोकप्रियकरण

● **लोकविज्ञान प्रकाशन:** अक्टूबर अंक के लेख **''आनुवांशिकता की कहानी, आधा शीशी(माइग्रेन) : कारण और निवारण। नोबेल पुरस्कार 2017 के विजेता। लेसर किरणें व उनके उपयोग। मरुधरा का सिंगार : रोहिड़ा। कैसे काम करते हैं घरेलू उपकरण''।**

**एमपीयूएटी एवं विज्ञान समिति साझा कार्यक्रम :** आदर्श ग्राम देवाली विकास कार्यक्रम –

● दिनांक 11 अक्टूबर को सर्वेक्षण कार्य के लिए राजस्थान कृषि महाविद्यालय के कृषि प्रसार विभाग के विभागाध्यक्ष **प्रो.सिसोदिया** उनके पीएच.डी व एम.एससी के छात्रों के साथ विश्वविद्यालय के दो वाहनों में देवाली गांव गए। उनके साथ हमारे सदस्य **डॉ. जी.एस. आमेटा** तथा **प्रो. जे.के. ढोशी** भी थे। सर्वेक्षण कार्यक्रम गांव वालों की मदद से प्रारम्भ किया गया। उन्होंने दो दिनों में 47 परिवारों का सर्वेक्षण किया। सर्वेक्षण फार्म हमारे पास आ चुके हैं। प्रो. दोशी उनका कम्प्यूटिंग कर रहे हैं।

दिनांक 11 अक्टूबर को ही **डॉ. आमेटा** ने गेहूँ के उन्नत बीज रियायती दर पर मिल सके उसके लिए किसानों के फार्म भरवाए तथा उनको ग्राम सेवक से प्रमाणित करवाया। जिसके आधार पर **नेशनल सीड कॉर्पोरेशन की ट्रक गांव में 12 क्विण्टल उन्नत गेहूं के बीज तथा 3 क्विण्टल उन्नत जौ के बीज** लेकर गई और किसानों में वितरित कर दिया गया। यह एक बड़ा कार्य हुआ है।

डॉ. आमेटा ने दीमक नियंत्रण की भी जानकारी दी।

● 31 अक्टूबर को **डॉ. जी.एस. आमेटा एवं डॉ. ढोशी कैलाश** के साथ समिति वाहन में देवाली गए। गांववासियों से **श्री इन्द्र सिंह जी** के मकान पर मिले। गेहूं जौ की बुवाई सम्बन्धी जानकारी ली तथा अन्य कार्यक्रम मुर्गीपालन आदि के लिए भी प्रेरित किया।

सिलाई प्रशिक्षण समाप्त हो चुका है अतः वहां भेजी गई 6 सिलाई मशीने कैलाश समिति वाहन में वापस ले कर आया।

## महिला सशक्तीकरण

● **नवाचार महिला प्रकोष्ठ :** दिनांक 10 अक्टूबर 2017 को नवाचार महिला प्रकोष्ठ में दीपावली समारोह मनाया गया। सदस्याओं ने गीत–संगीत, भजन, मोनो एक्टिंग की प्रस्तुति दी। **श्रीमती पुष्पा कोठारी** ने सभी प्रतिभागियों को उपहार देकर प्रोत्साहित किया। ग्रुप लीडर **रेखा मेहता, संता जोधावत सविता कोठारी, मेघा दावड़ा, मंजुला शर्मा, मंजु सिंघवी** समेत लगभग 45 सदस्याओं ने प्रस्तुति दी। संयोजिका **श्रीमती बेला जैन**, सह संयोजिका **डॉ. नलिना** की सक्रिय सहभागिता रही।

**वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ :** दिनांक 23 अक्टूबर को सभागार में दीपावली स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया था। वरिष्ठ महिलाओं ने नृत्य, संगीत, नाटक आदि में अपनी प्रस्तुति दी। उत्साह से सभी ने कार्यक्रम में भाग लिया। हाउजी दीपावली पर तैयार की गई थी सबको आकर्षक उपहार दिये गये। एक छोटा सा नाटक भी **श्रीमती विजयलक्ष्मी बंसल** व सहयोगी सदस्याओं ने मंचित किया। सभी 70 प्रतिभागियों को 2–2 रुमाल दिये गये।

● **ग्रामीण महिला चेतना शिविर :** 30 अक्टूबर को आयोजित शिविर में चंदेसरा, टूस डांगियान और देवाली की 27 महिलाएं उपस्थित हुई। कार्यक्रम का प्रारम्भ चंदेसरा की **भारती शर्मा एवं किरण पुरोहित** द्वारा प्रार्थना से किया गया । तत्पश्चात् सदस्यों का परिचय हुआ। **श्रीमती डॉ. शैल गुप्ता** ने स्वास्थ्य सम्बन्धी चर्चा की तथा एक प्रेरणात्मक कहानी सुनाई।

**डॉ. के.एल. कोठारी** ने भी प्रेरणा संदेश देते हुए देवाली में हुए सिलाई प्रशिक्षण की जानकारी प्रशिक्षक–महिला से ली। जीवन पच्चीसी के बिन्दु हेमलता एवं अन्य महिलाओं ने बताए।

## आर्थिक सहयोग

● **वार्षिक सहयोग**– श्री एन.के. पुरोहित, श्री एल.एन. शर्मा, श्री के.एल. बोहरा (प्रत्येक से रु. 1,000/–)

● **छात्रवृत्ति** – डॉ. के.बी. शर्मा रु. 10,000/–

● **विशेष सहयोग** – श्री एच.के. तलेसरा रु. 4,000/–

**सभी सहयोगकर्ताओं का हार्दिक आभार।**

**श्रीमती रेणु भण्डारी** ने गत माह की लहर पत्रिका से प्रश्न पूछे जो प्रेरक महिला तथा बीमारियों के घरेलू उपचार सम्बन्धी थे। इस माह की लहर पत्रिका के बारे में चर्चा की एवं उसका वितरण किया गया। इसमें प्रकाशित कविता ''जिन्दगी का यही सच है'' **श्रीमती हंसा सेन** द्वारा पढ़ी गई। महिलाओं द्वारा लिए गए ऋण की किस्त चुकाई गई। यात्रा भत्ता एवं जलपान के बाद विसर्जन हुआ।

## स्वास्थ्य सेवाएं

● **निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर :** विज्ञान समिति, महावीर इन्टरनेशनल व आरोग्य एक्यूप्रेशर उपचार, शोध एवं प्रशिक्षण प्रन्यास, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायं 5 से 6.30 बजे तक सफलतापूर्वक आयोजित हुए। अक्टूबर माह में 7 शिविर हुए जिसमें 62 दर्द पीड़ितों की चिकित्सा की गई। सभी चिकित्सकों का प्रशंसनीय योगदान रहा। आभार।

● **श्री बिजयकुमार सुराणा स्मृति निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर :** विज्ञान समिति में **बावनवां शिविर** दिनांक 15 अक्टूबर 2017 तृतीय रविवार को आयोजित किया गया। इस चिकित्सा शिविर में **डॉ. आई.एल. जैन** वरिष्ठ फिजिशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ, **डॉ. ए.के. बापना,** वरिष्ठ फिजिशियन, **डॉ. अनुराग तलेसरा** वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ, **डॉ. भानु प्रकाश वर्मा,** ईएनटी विशेषज्ञ, **डॉ. निवेदिता पटनायक,** होम्योपेथी विशेषज्ञ **दर्शन डेंटल कॉलेज** की दंत चिकित्सकीय टीम, , **श्री एल.एन. शर्मा, श्रीमती नीलम गुप्ता, श्री ललित पोरवाल, श्री तरुण तंवर की** एक्यूप्रेशर टीम ने अपनी मानद चिकित्सा परामर्श सेवाएं यथावत प्रदान की। इनके अतिरिक्त टेकिनशियन्स – **श्री उमंग, श्री दिनेश कुमार, श्री प्रेम, श्री देवीलाल**ने भी अपनी सेवाएं दी। सभी के प्रति आभार। शिविर में कुल 35 नागरिकों का (26 सामान्य, 23 हृदय रोग, 26 मधुमेह, 06 ईएनटी, 04 अस्थिरोग, 2 दंत रोग, ) विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया। इसी क्रम में 08 नागरिकों को एक्यूप्रेशर थेरेपी से चिकित्सा परामर्श दिया गया। आगामी **तिरेपवनवां शिविर 19 नवम्बर 2017** रविवार को प्रातः 10 से 12 बजे तक आयोजित होगा।

शिविर में **डॉ. के.एल. कोठारी, श्री गणेश डागलिया, डॉ. बी.एल. चावत, डॉ. के.एल. तोतावत, श्री बी.एल. खमेसरा** ने विशेष सेवाएं दी।

## दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ

इस माह के द्वितीय शनिवार 14 अक्टूबर को इस प्रकोष्ठ की बैठक हुई। इसमें **डॉ. एन.एल. कच्छारा** ने हाल ही में जैन विश्व भारती संस्थान लाडनूं से उनके संपादकत्व में प्रकाशित पुस्तक Scientific Prospective of Jainism पर विस्तृत वार्ता प्रस्तुत की। सदस्यों का मत था कि पुस्तक में बहुत से गंभीर विषयों पर लिखा गया है और उन पर अलग–अलग वार्ता होनी चाहिए। कुल 15 सदस्य उपस्थित थे।

## प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ द्वारा डॉ. पी.एल. अग्रवाल स्मृति व्याख्यान

● दिनांक 26 अक्टूबर को राजस्थान में कौशल विकास का परिदृश्य विषय पर वार्ताकार डॉ. ए.के. सचेती ने बताया कि कौशल विकास के क्षेत्र में बहुत संभावनाएं हैं। अन्य विकसित देशों के मुकाबले में हमारा सामान्य युवा बहुत पीछे है। हमें इस कार्य को बहुत बढ़ावा देने की आवश्यकता है तथा नीतियों को भी काफी सहयोगपूर्ण एवं लचीला बनाना होगा।

डॉ. ए.के. सचेती का इस क्षेत्र में लगभग 25 वर्ष का अनुभव है। राजस्थान आजीविका मिशन में भी प्रारम्भ से **श्री एम.एल. मेहता सा.** के साथ जुड़े रहे और 12 वर्ष तक कार्य किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में **डॉ. पी.एल. अग्रवाल** के व्यक्तित्व का परिचयात्मक विवरण देते उन्हें याद किया गया।




## केलवा प्रोजेक्ट

●श्रद्धा के सितम्बर–अक्टूबर अंक प्रकाशित एवं वितरित हुए।

## अन्य बिन्दु

● हमारे सदस्य **श्री हनुमन्त तलेसरा** के निर्देशन में 7 अक्टूबर को विज्ञान समिति में हास्य योग का कार्यक्रम हुआ।

● 26 अक्टूबर को प्रतिवर्ष की भांति दिवाली मिलन का कार्यक्रम आयोजित हुआ। डॉ. के.एल. कोठारी ने दीपावली की कविता का पाठ किया।

## सदस्यों सम्बन्धी

● जोधपुर में हमारे प्रबुद्ध सदस्य **प्रो. सोहनराज तातेड़** पूर्व कुलपति सिंघानिया विश्वविद्यालय के समाजोपयोगी 125 व्याख्यान (आधा आधा घंटे के) एक चैनल प्रसारित कर रहा है। प्रो. तातेड़ को कई कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि अथवा अध्यक्षता के लिए बुलाया जाता है। यह हमारे लिए गौरव की बात है। प्रो. तातेड़ को हार्दिक बधाई।

● हमारे कार्यकारी अध्यक्ष **डॉ. के.पी. तलेसरा** की 2 अक्टूबर को अहमदाबाद में हृदय की शल्य चिकित्सा हुई थी। वे 9 अक्टूबर की रात्रि को उदयपुर आ गए। अब वे पूर्णतया स्वस्थ हैं। हार्दिक शुभकामनाएं।

● हमारे पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष **डॉ. एल.एल. धाकड़** एवं हमारे नए सदस्य **डॉ. ए.के. सचेती** दोनों सपत्नी विदेश पर्यटन पर 27 अक्टूबर को गए। 14 नवम्बर तक आने का कार्यक्रम है।

● हमारी संरक्षक सदस्या **प्रो. सुशीला अग्रवाल** का अपने घर में ही गिर जाने से कूल्हे की हड्डी में फ्रेक्चर हो गया । वो घर पर ही स्वास्थ्य लाभ ले रही है। शीघ्र पूर्ण स्वस्थ होने के लिए शुभकामना।

● हमारे वरिष्ठ संरक्षक सदस्य एवं छात्रवृत्ति प्रकोष्ठ के संयोजक **प्रो. जे.एन. कविराज** कई दिनों से अस्वस्थ हैं। घर पर ही स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। शीघ्र पूर्ण स्वस्थ होने के लिए शुभकामना।

● हमारे सचिव प्रशासनिक एवं प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ के संयोजक **श्री मुनीश गोयल** सपत्नी यात्रा पर गए।

## छात्रवृत्ति प्रकोष्ठ

### घणोली में विनियोग छात्रवृत्ति वितरण

●हमारे चयनित गांव घणोली के माध्यमिक विद्यालय में पिछले दो वर्षों की भांति इस वर्ष भी **''विनियोग छात्रवृत्ति''** कार्यक्रम रखा गया जो **डॉ. के.बी. शर्मा** के द्वारा प्रायोजित किया जाता है। विद्यालय इसमें पूर्ण सहयोग देता है। इस वर्ष 6 अक्टूबर को यह कार्यक्रम रखा गया। विज्ञान समिति से **डॉ. के.एल. कोठारी, डॉ. के.बी. शर्मा, डॉ. बी.एल. चावत, श्री प्रकाश तातेड, श्री शांतिलाल भंडारी, डॉ. अपर्णा शर्मा, श्रीमती मंजुला शर्मा एवं श्री कैलाश** उपस्थित थे। **डॉ. के.बी. शर्मा** की बहन **श्रीमती शांता जी** भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुई। कार्यक्रम में छठी से 10वीं तक के सभी विद्यार्थियों को बरामदे में बिठाया गया। समिति से गए सदस्यगण विद्यालय के सभी अध्यापकगण तथा गांव से पधारे हुए महानुभाव कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। **रेखा भील** कक्षा 10, **कुमारी पायल** कक्षा 9 तथा **कुमारी कुसुम गर्ग** कक्षा 8 को अपनी कक्षाओं में प्रथम रहने के आधार पर दो दो हजार की मेरिट छात्रवृतियां दी गई। इसके अलावा 1–1 हजार की छात्रवत्ति **रेखा गर्ग, पिंकी गायरी, लक्ष्मी गायरी, अंजलि सेन, चंचल नागदा, राहुल नागदा** मेरिट कम नीड के आधार पर दी गई। छात्रवृत्ति के लिए डॉ. शर्मा ने 10 हजार रु का सहयोग किया विज्ञान समिति से 2 हजार रु. दिए गए। कुल 12 हजार रु. की छात्रवत्ति चैक द्वारा दी गई। इस अवसर पर तात्कालिक प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया। जिसमें हमारे अकादमिक सचिव **श्री प्रकाश तातेड़** द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देने वाले विजेताओं को एक एक बालपेन, ज्ञानोदय प्रश्नोतरी तथा डी.एस. कोठारी जीवन परिचय पुस्तिका कुल 11 विद्यार्थियों को दी गई। **श्रीमती शांता शर्मा** ने पारितोषिक के लिए 500 रु. विज्ञान समिति को भेंट किया। **डॉ. कोठारी, डॉ. शर्मा, डॉ. अपर्णा शर्मा, डॉ. बी.एल. चावत,** प्रधानाध्यापिका जी **श्रीमती अंजु कटारिया** के संक्षिप्त उद्बोधन हुए जिसका संयोजन सह सचिव **श्री शांतिलाल भंडारी** ने किया। कार्यक्रम पश्चात् विद्यार्थियों एवं अतिथियों को जलपान कराया गया।

इसी दिन गांव की हमारी सक्रिय कार्यकर्ता **श्रीमती शान्ता नागदा** के घर भी गए। उनकी तीन साल पुरानी वर्मी कम्पोस्ट यूनिट देखी जिससे वो कई बार वर्मी कम्पोस्ट निकाल चुकी थी। केंचुए की संख्या पर्याप्त थी। वर्मी कम्पोस्ट से फसल में उन्हें बहुत लाभ मिला। उनके पति को पिछले वर्ष लकवा हो गया था। वो स्वास्थ्य लाभ ले रहे थे। उनकी कुशल क्षेम पूछी और उनको विज्ञान समिति के चिकित्सा शिविरों में आने के लिए प्रेरित किया।

## सादर श्रद्धांजलि



विज्ञान समिति परिवार को जब यह सूचना मिली कि हमारे प्रिय **श्री लक्ष्मीलाल जी चन्डाल्या** नहीं रहे तो अत्यन्त भोक का वातावरण हो गया। सभी स्तब्ध रह गये। 6 नवम्बर को समिति में आए थे

श्री चन्डाल्या जी विज्ञान समिति के प्रारम्भ से ही सहयोगी रहे हैं और 2011 से 2017 तक छः वर्ष तक बहुत कु ालतापूर्वक कोषाध्यक्ष का कार्य निभाया। कुछ पुरानी वित्तीय समस्याओं का भी हल निकाला। वे एक अन्यन्त ईमानदार, परिश्रमी, मिलनसार, सेवाभावी एवं स्पष्ट वक्ता थे। विज्ञान समिति में अभी अभी 17 अक्टूबर को उनका 77वां जन्मदिवस मनाया था जिसमें समिति के कई सदस्य उपस्थित थे। यह अत्यन्त दुःख का विषय है कि ऐसे प्रिय साथी और समिति के परम हितैषी वित्त सलाहकार **श्री लक्ष्मीलाल जी** हमसे बिछुड़ गए।

उनकी इच्छानुसार परिवारजनों ने उनकी पार्थिव देह को आर.एन.टी. मेडिकल कॉलेज में दान कर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। विज्ञान समिति परिवार द्वारा दिवंगत आत्मा को सादर श्रद्धांजलि।

✦ ✦ ✦

हमारे उपाध्यक्ष **डॉ. महीप भटनागर** की माताश्री **श्रीमती सौभाग्यवती भटनागर** पत्नी **स्व. श्री गजेन्द्र नारायण जी भटनागर** भूगोलवेता का स्वर्गवास दिनांक 18 अक्टूबर 2017 को हो गया था। माँ का साया उठना किसी भी संतान के लिए अत्यन्त कष्टदायक होता है। सादर श्रद्धांजलि।

## एक विचारणीय सन्देश

1. आप कुछ नहीं करेंगे तो आप को कोई कुछ नहीं कहेगा
2. आप अगर सक्रिय हैं तो, उंगलिया भी आप पर ही उठ सकती हैं।
3. अगर आप ये नहीं सोचेंगे की श्रेय किसको मिलेगा तो आप बहुत कुछ कर सकते हैं।
4. आप जितना ज्यादा काम करेंगे, उतना ज्यादा और काम करना पड़ेगा।
5. जिम्मेदारी उसी की तरफ खिंची आती है जो उन्हें उठाना चाहता है।
6. आप अपने मन से जो भी प्रोजेक्ट करेंगे उसकी सफलता का श्रेय संस्था को मिलेगा और असफलता की जवाबदेही आपकी ही होगी।
7. आप को प्रशंसा तब मिलेगी जब आप उसकी अपेक्षा करना बंद कर देंगे।
8. आप लोकप्रिय तब होंगे जब अपने साथियो के कार्य को सराहेंगे और उनका उत्साह बढ़ाएंगे।
9. आप कब सही थे कोई याद नहीं रखेगा, आप कब गलत थे कोई नहीं भूलेगा।
10. सबसे खास बात सामाजिक कार्यों का उद्देश्य मन की संतुष्टि होता है। इस के लिए बहुत कुछ सहना होता है।

**'आपकी आत्मसंतुष्टि से बढ़कर कुछ नहीं है।'**

**बुक-पोस्ट**

प्रेषक : विज्ञान समिति, रोड़ नं. 17, अशोक नगर, उदयपुर

सेवा में

## जन्मदिन की बधाइयाँ

| November | | December | |
|---|---|---|---|
| Smt. Leela Surana | 01/11 | Dr. S P Dhakar | 01/12 |
| Dr. Shail Gupta | 01/11 | Smt. Renu Dhakar | 02/12 |
| Dr. B.L.Chawat | 02/11 | Dr. K.P. Talesara | 08/12 |
| Sh. S. K. Bhatnagar | 04/11 | Smt. Santosh Mehta | 10/12 |
| Sh. M.K. Bhatnagar | 08/11 | Shri R.C. Khandelwal | 10/12 |
| Sh. H.V.Paliwal | 11/11 | Sh.Manik Nahar | 20/12 |
| Prof. Sushila Agarwal | 12/11 | Sh. S.C. Mehnot | 24/12 |
| Sh.Y.S. Kothari | 14/11 | Smt.Arpana Sharma | 24/12 |
| Dr. K.L. Totawat | 23/11 | Sh. Avinash Bhatnagar | 25/12 |
| Mrs. Kusum Bhatnagar | 24/11 | Mrs. Renu Bhandari | 27/12 |
| Dr. B.L. Baser | 27/11 | Sh. S.C. Mehta | 29/12 |
| Smt. Monika Kothari | 29/11 | Dr. I.L.Jain | 31/12 |






अक्टूबर माह में श्री रमेश भटनागर, डॉ. ए.के. सचेती, श्री एल.एल. चन्डाल्या, श्री के.एल. बोहरा श्री गणेश डागलिया के जन्मदिन समिति में उत्साहपूर्वक मनाये गए।

## विज्ञान समिति के नवम्बर माह के कार्यक्रम

- **मासिक प्रकाशन :** लोकविज्ञान, लहर तथा मासिक रिपोर्ट का नियमित प्रकाशन
- **नियमित स्वास्थ्य सेवाएं**

❑ एक्यूप्रेशर चिकित्सा : प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायंकाल 5 से 6.30 समिति परिसर में

❑ श्री बिजय कुमार सुराणा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविरः समिति परिसर में तीसरे रविवार 19 नवम्बर 2017 प्रातः 10 से 12 बजे तक

| नियमित मासिक गतिविधियां | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| ✷ नवाचार महिला प्रकोष्ठ मासिक बैठक | शुक्रवार 10 नवम्बर | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ कृषि वि.वि. साझा कार्यक्रम के अंतर्गत देवाली ग्राम में विभिन्न कार्यक्रम | विश्वविद्यालय अधिकारियों से दिनांक निश्चित कर कार्यक्रम किए जाएंगे | |
| ✷ दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ श्रवण बेल गोला में बड़े सम्मेलन में कई लोगों का पत्र वाचन | 3 से 6 नवम्बर तक | |
| ✷ वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ मासिक बैठक<br>✷ प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ बैठक | सोमवार 20 नवम्बर | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ ग्रामीण महिला चेतना शिविर | गुरुवार 30 नवम्बर | प्रातः 11.00 बजे से |
| **विशेष कार्यक्रम** | | |
| ✷ केलवा – आचार्य भिक्षु आलोक संस्थान के कार्यक्रम में सहभागिता | शनिवार 18 नवम्बर | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ अन्य कार्यक्रम निर्णय होने पर | | |

### अपील

- कार्यकारिणी के निर्णयानुसार प्रत्येक सदस्य को एक हजार रु. प्रतिवर्ष समिति की गतिविधियों के लिए देना है। इस निर्णय का चौथा वर्ष पूर्ण हो रहा है। कृपया सहयोग प्रदान करावें।
- निर्माण, स्थायी कोष (कोरपस फंड), महिला समृद्धि कोष, छात्रवृत्ति कोष एवं अभावग्रस्तों को सहयोग फंड के लिए भी आर्थिक सहयोग अपेक्षित है।

**सौजन्य :– श्रीमान् मदनसिंह जी–श्रीमती लीला जी सुराना, 8–सी, मधुबन, उदयपुर (वर्तमान में हांगकांग)**